हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 306 देहरादून, मंगलवार, 07 जून, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम पुष्कर धामी और मप्र के सीएम शिवराज चौहान ने किया दुर्घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण

3

# केदारनाथ में हेलीकाप्टर की खतरनाक लैंडिंग

## सतह से टकराकर उछला और 270 डिग्री तक घूमा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने केदारनाथ हेलीपैड पर एक निजी हेली कंपनी के हेलीकाप्टर की हार्ड लैंडिंग का संज्ञान लिया है। डीजीसीए ने मामले की जांच करने के साथ ही हेली सेवाओं का संचालन करने वाले सभी आपरेटर के लिए मानक प्रचालन कार्यविधि (डीजीसीए) जारी की है। इसका अनुपालन न करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है।

केदारनाथ धाम में 31 मई को थंपी हेली एविएशन के हेलीकाप्टर ने तेज हवा व धुंध के बीच अनियंत्रित होकर हार्ड लैंडिंग की थी यानी हेलीकाप्टर झटके के साथ उतरा था। बताया गया कि हेलीपैड में हेलीकाप्टर अनियंत्रित होकर जैसे ही नीचे उतरने लगा वैसे ही वह सतह से टकराकर उछला और 270 डिग्री तक घूमने के बाद फिर हेलीपैड पर उतरा। इसमें कोई घायल नहीं हुआ।

यात्रियों को उतार कर यह हेलीकाप्टर फिर वापस बेस के लिए उड़ गया। हेलीपैड पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डाला और यह बहुत तेजी से वायरल हुआ। इसका संज्ञान लेते हुए नागर विमानन महानिदेशालय ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि सभी पायलट को केदारनाथ में तेज हवाओं को देखते हुए सभी आवश्यक सावधानी लेनी चाहिए। अगर यहां बहुत तेज हवा चल रही है और ये निर्धारित मानक से अधिक चल रहीं हैं तो ऐसी स्थिति में हेलीकाप्टर का न उतारते हुए वापस बेस पर ले जाना चाहिए।

यह भी कहा गया है कि तापमान और आर्द्रता बढ़ने की स्थिति में हेलीकाप्टर की भार वहन क्षमता कम हो जाती है। इसे देखते हुए ही हेलीकाप्टर की भार वहन क्षमता का पुनः परीक्षण किया जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कुशल व अनुभवी पायलट ही हेली संचालन के लिए रखे जाएं। हेली कंपनियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पायलट को उचित आराम मिले। स्वास्थ्य ठीक न होने के कोई भी लक्षण मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

उत्तराखंड के सचिव नागरिक उड्डयन दिलीप जावलकर ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा जारी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# लोहाघाट में खाई में गिरी बोलरो, तीन की मौत, छह लोग घायल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

लोहाघाट चंपावत। चंपावत जिले के लोहाघाट में बड़ा हादसा हो गया। रीठा डांडा मीडार मार्ग पर सोमवार शाम को कुलियाल गांव के चामी तोक के करीब एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचीसी रीठा साहिब लाया जा रहा है। सीएम धामी ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों को दो लाख और घायलों का 50 हजार देने की घोषणा की है।

बोलेरो वाहन संख्या यूके 04 टीए 4777 नानकमत्ता से बिनवाल गांव आ रहे रही थी। डांडा मीडार मार्ग पर डीली बैंड के समीप अनियंत्रित होकर वाहन लगभग दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में सवार चंद्रा देवी 85 पत्नी चिंतमणी निवासी चंद्रकोट बिनवाल गांव, मनोरथ 90 पुत्र आनदेव निवासी बिनवाल गांव खेतिया, पान सिंह परवाल 93पुत्र गणेश सिंह परवाल निवासी परेवा की मौके पर ही मौत हो गई।

रंजीत सिंह 28 पुत्र हर प्रसाद निवासी उगनपुर बहेड़ी बरेली, डालचंद 33 वर्ष पुत्र दलीप सिंह उगनपुर बहेड़ी बरेली, गौरी थ्वाल 12पुत्री कृष्णा थ्वाल निवासी सनस्यू नैनीताल, पार्वती देवी 60 पत्नी रेवादत्त्त निवासी खनस्यू नैनीताल, भुवन चंद्र सनवाल 34 पुत्र नारायण



दत्त निवासी खनस्यू नैनीताल, भुवन चंद्र गौला 36 पुत्र कृष्ण चंद्र गौला निवासी गोलडांडा गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीण व पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने गंभीर स्प से घायलों को खाई से बहार निकाल कर प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी रीठा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएचसी पाटी रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद पाटी के तहसीलदार हरीश नाथ गोस्वामी, रीठा साहिब के थानाध्यक्ष विपिन चंद्र जोशी ने मौके में पहुंचकर खाई से निकाला। लोहाघाट में टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में सिंगदा के समीप सब्जी लेकर पिथौरागढ़ जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना के बाद मौके में पहुंचे पुलिस ने घायलों को खाई से बाहर निकाला बात काल सेवा 108 के माध्यम से पिथौरागढ़ भेज दिया गया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बोले, वक्त आ गया है कि देश में रिमोट वोटिंग प्रक्रिया हो लागू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



गोपेश्वर (चमोली): चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के दर्शन कर लौटते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार व राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या का सगर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर ग्रामीणों के साथ अपनी पैदल यात्रा के अनुभव साझा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिस तरह के हालात उन्हें दूरस्थ क्षेत्र में देखने को मिले हैं, उससे लगता है कि अब देश में रिमोट वोटिंग प्रक्रिया लागू करने का समय आ गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त बीते तीन जून को 18 किमी की चढ़ाई पैदल तय कर चमोली जिले की उर्गम घाटी में स्थित उत्तराखंड के सबसे दूरस्थ बूथ डुमक गांव पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि दूरस्थ क्षेत्र में जाने वाली पोलिंग पार्टियों का हौसला बढ़ाने और ग्रामीणों में मतदान के प्रति उत्साह बनाए रखने के लिए वे डुमक आए हैं। साथ ही वह यह भी जानना चाहते थे कि इस दूरस्थ क्षेत्र की क्या-क्या समस्याएं व चुनौतियां हैं।

यहां से मुख्य चुनाव आयुक्त कलगोट गांव का भ्रमण करते हुए चतुर्थ केदार रुद्रनाथ धाम पहुंचे। वहां से लौटते हुए सगर गांव में उन्होंने बताया कि डुमक गांव में सड़क, स्वास्थ्य समेत जरूरी सुविधाओं का नितांत अभाव है।

बावजूद इसके मतदान के प्रति यहां के ग्रामीण बेहद सजग हैं और यहां 80 प्रतिशत तक मतदान होता है। डुमक में 290 मतदाता हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि वे अपने स्तर से भी डुमक के ग्रामीणों की समस्या हल करने का प्रयास करेंगे। कहा कि मतदान के प्रतिशत को शत-प्रतिशत करने के लिए रिमोट वोटिंग प्रक्रिया कारगर साबित होगी। इससे वे मतदाता भी वोट डाल सकेंगे, जो किसी मजबूरी के कारण मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं।

कहा कि जनता और राजनीतिक दल अगर रिमोट वोटिंग के लिए तैयार होते हैं तो चुनाव आयोग इस पर काम करने को तैयार है। इस दौरान उप जिलाधिकारी अभिनव शाह सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे।

# मुख्यमंत्री धामी से कनाडा के उच्चायुक्त ने की मुलाकात



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर की चर्चा
- उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौन्दर्य को सराहा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरोन मैके ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से पर्यटन, कृषि, जल, विद्युत एवं सौर उर्जा के साथ शैक्षिक आदान प्रदान के क्षेत्र में सहयोग की सम्भावनाओं पर चर्चा की, तथा अवगत कराया कि भारत के साथ कनाडा के अच्छे वाणिज्यिक सम्बन्ध है।

ईज ऑफ डूइंग विजनेस की प्रभावी व्यवस्था बनी है। राज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कृषि, बागवानी, रोड एयर एवं रेल कनेक्टिविटी, टूरिज्म आदि के क्षेत्र में बेहतर ढ़ंग से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनाडा की दिल्ली स्थित ट्रेड प्रमोशन टीम के साथ समन्वय कर व्यापार एवं निवेश से सम्बन्धित सम्भावनाओं को धरातल पर लाने के प्रयास किये जायेंगे।मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आठ वर्ष के कार्यकाल में देश में परिस्थितियां बदली है। निवेशकों की सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है। सभी के लिये समान कार्य संस्कृति के अवसर उपलब्ध हुए है।

इस अवसर पर कनाडा एम्बेसी के कन्सोलेट जनरल उतर भारत पैट्रिक हावर्ड तथा सचिव शैलेश बगोली आदि उपस्थित थे।

# Wonderful Cat : मिलिए दुनिया की पहली ग्रेजुएट बिली सुकी से

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



आप तमाम तरह के पेट्स से मिले होंगे और आपने बहुत से होशियार और समझदार जानवरों के बारे में सुना और पढ़ा होगा. हालांकि हम दावे के साथ कह सकते हैं कि आप आज तक किसी पढ़ी-लिखी और ग्रैजुएट बिल्ली से नहीं मिले होंगे. अमेरिका के टेक्सस में रहने वाली सूकी नाम की एक पालतू बिल्ली होशियार होने के साथ-साथ ग्रैजुएट है, वो भी बाकायदा रेगुलर क्लासेज़ करने के बाद.


यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस में पढ़ने वाली फ्रैंसिस्का बॉर्डियर के पास सूकी नाम की एक बिल्ली है, जो हर वक्त उनके ही साथ रहती है. पिछले दो सालों में कोरोना महामारी के दौरान जब फ्रैंसिस्का लैपटॉप पर अपनी ऑनलाइन क्लासेज़ लिया करती थीं, तो भी सूकी पूरे टाइम उनके साथ बैठी रहती थी. फॉक्स की रिपोर्ट के मुताबिक बिल्ली किसी स्टूडेंट की तरह पूरी क्लास अटेंड करती थी.


**ग्रैजुएट हो गई बिल्ली**

बिल्ली की मालकिन फ्रैंसिस्का बताती हैं कि उनकी हर ऑनलाइन क्लास को बिल्ली ने अटेंड किया है. वे बताती हैं कि सूकी कभी भी उनसे दूर नहीं रहती. जैसे ही वे अपने लैपटॉप को लेक्चर्स के लिए खोलती थीं, उनकी बिल्ली भी उत्साहित होकर उनके साथ बैठती थी और पूरी बातें सुनती थी. क्लास खत्म होने तक वो लैपटॉप के बगल बैठकर सब सुनती थी. चूंकि बिल्ली हर दिन फ्रैंसिस्का के साथ रही थी, इसलिए जब ग्रैजुएशन डे की बारी आई तो वे उसे भी अपने सेरेमनी में लेकर गईं.

**ग्रेजुएशन ड्रेस में नज़र आई बिल्ली**

फ्रैंसिस्का ने उसके लिए खास ड्रेस भी बनवाई, जो ग्रैजुएशन डे पर बाकी लोगों की ड्रेस से मैच कर रही थी. फ्रैंसिस्का ने अपने साथ बिल्ली की कुछ पिक्चर्स भी अपने इंस्टाग्राम और ट्विटर अकाउंट से शेयर कीं. ग्रैजुएशन गाउन और कैप में बिल्ली काफी अच्छी लग रही थी. वो बात अलग है कि उसे कोई डिग्री नहीं मिली, लेकिन हर स्टेज पर उसका होना ही काफी थी. लोगों को भी सूकी की ये स्टोरी काफी पसंद आ रही है.






# रेनो ने भी बढ़ाई अपनी कारों की कीमतें, पिछले छह महीनें में तीसरी बार बढ़ोतरी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



(रेनो इंडिया) ने भारतीय बाजार में एक बार फिर अपनी कारों की कीमतों में इजाफा किया है। कीमतों में लेटेस्ट इजाफे के साथ, रेनो उन कार निर्माताओं की सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने जून से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी की है।रेनो ने (क्विड), (काइगर) और (ट्राइबर) से लेकर अपने सभी मॉडलों में कीमतों में इजाफा किया है। मॉडल और वैरिएंट्स के आधार पर वाहनों की कीमत में 17,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। कागर हैचबैक और ट्राइबर एमपीवी के सभी वैरिएंट्स में एक समान कीमत बढ़ोतरी की गई है। Renault Kwidबाजार में लोकप्रिय हैचबैक में से एक (रेनो क्विड) की कीमत भी इसके सभी वैरिएंट्स के लिए 12,500 रुपये तक बढ़ गई है। नई प्राइस लिस्ट के मुताबिक, हैचबैक अब बेस RXL 800cc मॉडल के लिए 4.62 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। टॉप-स्पेक Kwid Climber Easy-R वैरिएंट की कीमत 5.96 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक बढ़ा दी गई है। Renault Kigerफ्रांसीसी कार निर्माता द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर साझा की गई नई प्राइस लिस्ट के मुताबिक, रेनो की लेटेस्ट और फ्लैगशिप पेशकश काइगर सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी की कीमत में सबसे बड़ी बढ़ोतरी की गई है। (रेनो काइगर) वैरिएंट्स के आधार पर 17,500 रुपये तक महंगी हो गई है। Kiger की कीमतों में बढ़ोतरी उसके प्रतिद्वंद्वी निसान द्वारा Magnite SUV की कीमत में बढ़ोतरी के साथ आई है। मैग्नाइट एसयूवी की कीमत अब मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ बेस आरएक्सई 1.0-लीटर एनर्जी वैरिएंट के लिए 6 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। टॉप-स्पेक RXZ X-Tronic (CVT) 1.0-लीटर टर्बो डुअल टोन वैरिएंट अब 10.57 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर आएगी।



# नए जोश के साथ अब कांग्रेस करेगी प्रदेश भर में बूथ मजबूत : सूर्यकान्त धस्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी के उदयपुर नव संकल्प के बाद तेज़ी से संगठन को मजबूत बनाने की और कदम बढ़ाया है। पहले देहरादून में एक चिंतन शिविर आयोजित कर हार के कारणों पर मंथन किया गया और अब प्रदेश भर में 11 से 14 जून के बीच जिला स्तरीय नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशालाओं के सफल आयोजन के जरिये बूथ मजबूटी करेगी। ये कहना है उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ लीडर और मुख्य संयोजक सूर्यकान्त धस्माना का।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर नवसंकल्प को राज्य के प्रत्येक जनपद में बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक पहुंचाने के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं आगामी 11 जून से 14 जून तक आयोजित करने के निर्देश हैं जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अनुभवी और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत कड़ी के तौर पर काम करने वाले सूर्यकान्त धस्माना को राज्य में मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया है।

जिला स्तर पर सम्पन्न होने वाली नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशालाओं के सफल आयोजन हेतु संयोजक मण्डल का गठन करते हुए प्रदेश प्रवक्ता एवं गढ़वाल मण्डल मीडिया प्रभारी गरिमा दसौनी, प्रदेश सचिव विकास नेगी, सुमित खन्ना, अमरजीत सिंह, अनुज दत्त शर्मा, विशाल मौर्या, रविन्द्र सिंह रैना, शुभम सैनी, अवधेश, सलीम अंसारी, उदयवीर सिंह पंवार, जितेंद्र सरस्वती, अलका पाल एवं प्रवीण कश्यप को संयोजक मण्डल में शामिल किया गया है। यह संयोजक मंडल प्रदेश के सभी 13 प्रशाशनिक जनपदों में जिला/महानगर अध्यक्षों व जिलों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक गणों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों को सफलतापूर्ण सम्पन्न करवाना सुनिश्चत करेगा।

जिस तरह से 2022 के विधान सभा चुनाव में को करारी हार मिली और चम्पावत उपचुनाव में प्रत्याशी की जमानत जब्त हुई उसके बाद कांग्रेस को दोबारा प्रदेश में जीवंत करने की बड़ी ज़िम्मेदारी कांग्रेस ने सूर्यकांत धस्माना को सौंपी है , देखना होगा कि 2024 से पहले प्रदेश में कांग्रेस किस तरह से वापसी कर पाती है।





# सीएम पुष्कर धामी और मप्र के सीएम शिवराज चौहान ने किया दुर्घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के रिखाऊखड्ड डामटा के समीप बस दुर्घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बस दुर्घटना में मृतक रामजी एवं बांके बिहारी के रिश्तेदार कृष्ण बिहारी द्विवेदी से बातचीत की। तथा वाहन दुर्घटना में मृतक सभी श्रद्धालुओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक अन्य बस में सवार मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों से भी बातचीत की।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। कल घटना की सूचना मिलते ही हम लगातार उत्तराखंड सरकार के सम्पर्क में थे। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशन में राहत और बचाव कार्य तत्काल प्रारम्भ किए। रेस्क्यू ऑपरेशन में जितनी जल्दी हो सकता था सभी ने तेजी से काम किया। जिला प्रशासन और स्थानीय निवासियों द्वारा रात में ही पार्थिव शरीर को गहरी खाई से निकाला। पोस्टमार्टम व पंचनामा की कार्यवाही तेजी से की गई। यात्रियों के पार्थिव शरीर को जौलीग्रांट देहरादून भेजा गया है। यात्रियों के पार्थिव शरीर को सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से खजुराहो (मध्यप्रदेश) पहुंचाया जाएगा। जहां से उनके पार्थिव शरीर को उनके घर भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हृदयविदारक बस दुर्घटना के मजिस्ट्रियल जाँच के आदेश दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा करने आ रहें तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सुगम व सुदृढ़ यात्रा को लेकर लगातार रजिस्ट्रेशन कि व्यवस्था कर रहे है उसके बावजूद यह घटना हुई जो बेहद दुःखद है इस घटना का संज्ञान प्रधानमंत्री ने भी स्वयं व्यक्तिगत रूप से लिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार पहले दूरभाष पर घटना की जानकारी लेते रहें और उसके बाद घटनास्थल पहुंचे है। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ,एनडीआरएफ, पुलिस द्वारा तेजी से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। तीर्थ यात्रियों के पार्थिव शरीर को खाई से निकाला। राज्य सरकार की यही कोशिश है की उनके पार्थिव शरीर जल्द उनके घरों को पहुंच जाएं। तीर्थ यात्रियों के पार्थिव शरीर को डामटा से सड़क के माध्यम से जॉली ग्रांट एयरपोर्ट के लिए भेजा गया है। प्रधानमंत्री राहत कोष और मध्य प्रदेश सरकार ने मृतक के परिजनों एवं घायलों को मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है।

प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक परिजनों को 2 लाख एवं घायलों को 50 हजार एवं मध्यप्रदेश की सरकार मृतक के परिजनों को 5 लाख एवं घायलों को 50 हजार की राशि देगी। हमारी सरकार भी मृतक के परिजनों को 1 लाख एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा राशि देगी।

इस दौरान गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार,डीआईजी पुलिस करन सिंह नगन्याल, डीएम उत्तरकाशी अभिषेक रुहेला,डीएम टिहरी इवा आशीष श्रीवास्तव,एसपी अपर्ण यदुवंशी,पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल,जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश चौहान,प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनबीर सिंह चौहान, एसडीएम चतर सिंह चौहान, शालिनी नेगी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज श्रीकंठ पर्वत शिखर के लिए रवाना होंगे पर्वतारोही : सतपाल महाराज



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देवभूमि उत्तराखंड सिर्फ एक खूबसूरत प्रदेश ही नहीं दिलेर और जांबाज़ लोगों की कर्मभूमि भी है। सेना हो या साहसिक पर्यटन का कोई भी मौक़ा जब भी देश में कोई बड़ी नज़ीर बनती है तो देवभूमि के वीर जवानों का नाम सबसे पहले आता है। ऐसे ही जांबाज़ पर्वतारोहियों का एक दल को आज पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज रवाना कर रहे हैं। आपको बता दे की 12 पर्वतारोहियों के इस दल को हरि झंडी दिखाकर श्रीकंठ पर्वत शिखर के लिए रवाना करने से पहले महाराज ने इन जांबाज़ों को शुभकामनाएं दी और सकुशल मिशन पूरा करने के लिए हौसला आफजाई भी की है। देहरादून में अपने ऑफिसियल कैम्प कार्यालय से पर्यटन मंतफ्री सतपाल महाराज इस ग्रुप को 11 बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

## युवक ने युवती की गला घोंटकर की हत्या, दोनों रह रहे थे रिलेशनशिप में

देहरादून। देहरादून के प्रेमनगर में एक युवक ने एक युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि दोनों रिलेशनशिप में साथ रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि युवती कराटे की क्लास देती थी, जबकि युवक किसी होटल में काम करता है।

थाना प्रेमनगर पुलिस ने बताया कि आज शाम करीब सात बजे सुमित (25 वर्ष) पुत्र यशपाल निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश ने बताया कि उसने साथ रह रही युवती सोनिया की हत्या कर दी। इस पर पुलिस सुमित को लेकर उसके किराये के मकान पर विग नंबर 7 निकट मोहनपुर पावर हाउस प्रेम नगर पहुंची। इस दौरान युवती का शव फर्श पर पड़ा हुआ था।

आरोपित युवक ने बताया कि वह और सोनिया (32 वर्ष) पुत्री वीर सिंह निवासी ग्राम पुराना थाना भैरव कला जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश सितंबर 2021 से रिलेशनशिप में साथ रह रहे थे।

आरोपित युवक ने बताया कि सोनिया बात-बात पर एग्रेसिव हो जाती थी। वह मुझे परेशान कर रही थी और मुझे शादी नहीं करने दे रही थी। जिस कारण आज मैंने दोपहर दो ढाई बजे उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी।



## बोले हरदा, उत्तराखंड की राजनीति के लिए चम्पावत का नतीजा चिंताजनक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कुछ दिनों की ख़ामोशी के बाद चम्पावत नतीजे पर दिग्गज हरदा ने कुछ बोला है। अब जैसा कि होता आया है चंपावत उपचुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद हरीश रावत का ये बयान भी हैरान करने वाला है... पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि चंपावत उपचुनाव का परिणाम तो पहले से तय था लेकिन पूरी सरकार में मार्जिन बढ़ाने की होड़ मची हुई थी... उसके परिणाम कांग्रेस से ज्यादा उत्तराखंड की राजनीति और उत्तराखंड के लिए चिंताजनक हैं... यानी हरीश रावत किसी ख़ास इशारे में अपनी बात कह गए ...

पूर्व सीएम हरीश रावत ने चंपावत उपचुनाव में कांग्रेस की हार के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया है... उन्होंने कहा कि हार की जिम्मेदारी पार्टी और पार्टी अध्यक्ष तय करेंगे... चंपावत उपचुनाव में मार्जिन बढ़ाने के लिए लोकतंत्र को कुचला गया, जिस तरह के समाचार आए वो राज्य के लिए चिंताजनक हैं... हरीश रावत ने ये भी कहा की वो लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ेंगे और इसके खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे...

# विधानसभा सत्र में रूट डायवर्जन से लोगों को न हो परेशानी : ऋतु खंडूड़ी भूषण, स्पीकर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





14 जून से शुरू हो रहे धामी सरकार के बजट सत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधान सभा भवन में शासन, पुलिस प्रशासन एवं विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सत्र के दौरान आवश्यक व्यवस्था को भी जल्द पूरा करने को कहा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की कोविड अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ है इसलिए सत्र के दौरान कोविड प्रोटोकोल के तहत मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग करना सभी के लिए आवश्यक होगा । विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सत्र के दौरान आम जनमानस को यातायात से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या ना हो एवं यातायात रूट डायवर्ट के संबंध में पहले से ही मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाए ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दर्शक दीर्घा में सदस्यों की संस्तुति पर एक प्रवेश पत्र तथा मंत्रियों की संस्तुति पर दो प्रवेश पत्र ही जारी की जायेंगे। मीडिया को सदन की कार्यवाही के लिए पत्रकार दीर्घा के प्रवेश पत्र सूचना विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे । विधानसभा सत्र की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं वेबकास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा की जाएगी । विधायकों एवं मंत्रियों के वाहन ही परिसर में पार्क किए जाएंगे एवं अन्य सभी वाहन सत्र के दौरान चिन्हित स्थानों पर ही पार्क किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन चालकों हेतु पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी।सत्र के दौरान अग्निशमन दल के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग आवश्यक चिकित्सा दल, दवाइयां एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। गैर सरकारी व्यक्तियों का विधानसभा परिसर में प्रवेश मान्य नहीं होगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक विधानसभा के पास सदस्यों के कुल 502 तारांकित एवं तारांकित प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को सत्र शांतिपूर्वक एवं सुचारु रुप से चलाए जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवस्थाओं में व्यवधान ना हो इसके लिए अधिकारी चौक चौबंद व्यवस्था बनाकर रखें एवं किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका ना दें। उन्होंने अधिकारियों से निर्देशित किया कि किसी भी विधायक के साथ ऐसा व्यवहार ना हो कि जिससे उनमें कोई नाराजगी उत्पन्न हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को आपसी समन्वय के साथ सत्र को सुचारू रूप से चलाना है जिससे कि सत्र के दौरान जनमानस एवं उत्तराखंड के विकास से संबंधित विषयों पर सदन में चिंतन मंथन हो सके। इस दौरान अधिकारियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष को सत्र शांतिपूर्वक चलाए जाने के लिए अपने पूर्ण सहयोग की बात कही ।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आईजी इंटेलिजेंस एपी अंशुमान, एडीजीपी वी मुरुगेशन, सचिव आशीष कुमार श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ शैलजा भट्, जिलाधिकारी आर. राजेश कुमार, एसएसपी जन्मेजय खंडूरी, अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह, सचिव वीके सुमन, विधानसभा के प्रभारी सचिव मुकेश सिंघल, सुरक्षाधिकारी प्रदीप गुणवंत आदि अधिकारी मौजूद थे।

# रिजल्ट घोषित, हाईस्कूल में 77.74, इंटर में 82.63% छात्र पास, शिक्षा मंत्री धन दा ने दी बधाई




न्यूज़ वायरस नेटवर्क



प्रदेश के होनहार स्टूडेंट्स को जिसका इंतज़ार था वो दिन आ गया और उनके इम्तहान का नतीजा भी उनके हांथों में पहुंच गया है। प्रदेश की बेटियों ने एक बार फिर अपनी साख बनाये रखी और उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं. अव्वल आने वाले छात्र छात्राओं को मंत्री ने बधाई दी है.उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की मौजूदगी में परिषद की ओर से परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देखा जा रहा है।

उत्तराखंड बोर्ड में हाईस्कूल का रिजल्ट इस साल 77.47 प्रतिशत रहा. बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 71.12 प्रतिशत रहा. बालिकाओं ने बालकों से करीब 14 फीसदी ज्यादा 84.06 प्रतिशत सफलता पाई है. टिहरी गढ़वाल के सुभाष इंटर कॉलेज थौलधार के छात्र मुकुल सिलवाल ने हाईस्कूल में टॉप किया है. मुकुल ने 99.00 फीसदी अंक पाए हैं. उत्तरकाशी के आयुष अवस्थी और टिहरी के आयुष जुयाल ने हाईस्कूल में 98.60 फीसदी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है. बागेश्वर के मंडलसेरा की छात्रा रबीना कोरंगा ने हाईस्कूल में उत्तराखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. रबीना ने 500 में से 492 अंक हासिल किए हैं. रबीना का प्रतिशत 98.40 रहा....

इसके पहले सोमवार दोपहर बाद उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। प्रदेश के शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने सचिव नीता तिवारी और सभी अधिकारियों के बीच रामनगर के उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सभागार में रिजल्ट घोषित किया. आपको यहाँ बता दें कि इस साल उत्तराखंड की 28 मार्च से 19 अप्रैल तक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गई थी. 1,333 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल के 1,29,778 व इंटर के 1,13,164 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. 25 अप्रैल से 9 मई तक मूल्यांकन का कार्य किया गया था. जिसके बाद उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारियों में जुट चुका था.अव्वल आने वाले छात्र छात्राओं को न्यूज़ वायरस भी बधाइयां देता है।



# उत्तराखण्ड बोर्ड के सफल छात्रों को बधाई : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सफल हुए छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12वीं की परीक्षा में सफल हुए छात्र उच्च शिक्षण संस्थानों का हिस्सा बनकर देश व समाज की सेवा के लिये अपनी सक्षमता साबित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे युवा छात्र देश के भावी नागरिक है। उन्होंने सभी की उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन छात्रों का परीक्षा परिणाम उनकी आशा के अनुकूल नही रहा वे हतास एवं निराश न हो बल्कि दुगने उत्साह के साथ आगामी परिक्षा की तैयारी में जुट जाय। पूरे मनोयोग से यदि असफलता का सामना किया जाय तो सफलता अवश्य मिलती है। मुख्यमंत्री ने विद्यालयी परीक्षा आयोजन से जुड़े अध्यापकों एवं कार्मिकों को भी बधाई दी है।

# चमोली पुलिस की ऑनलाइन अपराध गोष्ठी में पुलिस कर्मियों की सुनी गई समस्याएं : श्वेता चौबे, एसपी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली पुलिस कार्यालय सभागार में सभी थाना प्रभारियों, स्था0अभि0 इकाई, फायर सर्विस, दूरसंचार एवं अन्य शाखा प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान एसपी श्वेता चौबे ने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने अधीनस्थ नियुक्त कर्मचारियों का सम्मेलन में शामिल किया और कई अहम निर्देश भी दिए हैं।


जिले की थाना/चौकियों में कर्मचारियों के इस सम्मेलन में उनकी समस्याएं सुनी गई और वर्चुअल गोष्ठी के दौरान एसपी चौबे सामने उन्होंने अपनी बात भी रखी। इसके बाद सभी मामलों के निस्तारण के लिए एसपी श्वेता चौबे ने ज़िम्मेदार अधिकारीयों को निर्देशित किया। इसके साथ साथ मासिक अपराधों की समीक्षा की गई व सभी थाना प्रभारियों को श्री बद्रीनाथ धाम,श्री हेमकुण्ड साहिब, फूलों की घाटी यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । आइये जानते है एसपी श्वेता चौबे द्वारा क्या अहम निर्देश दिए गए -





- यात्रा के दौरान मेहनत एवं लगन से ड्यूटी करने वाले एवं अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की गई।
- पुलिस अधीक्षक द्वारा माह मई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस दो पुलिस कर्मियों, आरक्षी 157 ना.पु. महेन्द्र एस.ओ.जी. चमोली थाना थराली पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 27/22,धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से 01.025 ग्राम चरस बरामद करने पर एवं आरक्षी 38 ना.पु. दिग्पाल कोतवाली कर्णप्रयाग को कोतवाली कर्णप्रयाग पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 24/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 102 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।
- चौकी लामबगड़,चौकी घाघरिया,चौकी हनुमानचट्टी में ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों हेतु भोजनालय की व्यवस्था एवं उत्तम स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक सामग्री एवं प्रभावी दवाइयाँ ओआरएस के 50 पैकेट, विटामिन सी टैबलेट,आदि भेजी गई हैं,जिनके वितरण हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।
- हेमकुण्ड साहिब एवं फूलों की घाटी जाने वाले यात्रियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण वाहनों की पार्किंग सुविधा हेतु थाना गोविन्दघाट परिक्षेत्र में जेसीबी के माध्यम से पार्किंग स्थल के समतलीकरण एवं चौड़ीकरण करवाने हेतु थानाध्यक्ष गोविंदघाट को निर्देशित किया गया है
- ।सुरक्षा के दृष्टिगत से चौकी घाघरिया से दिन में 12:00 बजे बाद यात्रियों को हेमकुण्ड की तरफ ना भेजा जाए एवं हेमकुण्ड साहिब से दिन में 2:00 बजे तक सभी यात्रियों को घाघरिया वापस भेजा जाए।
- यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले थाना/चौकियाँ को निर्देशित किया गया कि रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 4:00 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबन्धित रहेगी, जिसके लिए जनपद में यात्रा मार्ग पर स्थापित बैरियरों कर्णप्रयाग में गौचर बैरियर, चमोली में पीपलकोटी एवं बिरही बैरियर, कोतवाली जोशीमठ में हेलंग एवं मारवाड़ी बैरियरों पर रात्रि चैकिंग प्रभावी रहेगी।अन्यथा सम्बन्धित क्षेत्र के थाना/चौकी प्रभारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
- यात्रा मार्ग में पड़ने बाले थाना/चौकी प्रभारियों को पर्यटक/एवं धार्मिक स्थलों पर नशीले पदार्थों का सेवन कर हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध मिशन मर्यादा के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
- धार्मिक स्थलों मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारों में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग माननीय उच्च न्यायालय के नियमानुरुप किया जाए, जिन स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की अनुमति नहीं ली गई है उन्हें तत्काल हटाया जाएगा, एवं जिन स्थानों में इनकी अनुमति ली गई है बहाँ ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की तीव्रता 5 डेसीबल से अधिक ना हो।
- ई-चालान की कार्यवाही अधिक से अधिक की जाए, एवं कोटपा से सम्बन्धित चालान भी अधिक संख्या में किये जाएं।
- सभी थाना प्रभारियों को लम्बित विवेचनाओं, एवं नकब्जनी से सम्बन्धित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# फोन उठाते हैं क्यों सबसे पहले बोलते हैं 'हेलो'? रोचक है वजह





न्यूज़ वायरस नेटवर्क


आज हम एक से बढ़कर एक स्मार्टफोन, मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हैं। घंटों फोन पर बाते करते हैं। टेलीफोन और मोबाइल फोन के रूप और फीचर बदलते रहे, लेकिन एक चीज जो नहीं बल्कि वो है फोन उठाते ही कनेक्ट होते ही 'हेलो' बोलना। जब भी आप किसी को फोन करते हैं किसी का फोन रिसीव करते हैं सबसे पहला शब्द आप बोलते हैं हेलो। आप धडल्ले से इस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फोन पर सबसे पहला शब्द Hello ही क्यों बोला जाता है?

अलेक्जेंडर ग्राहम बेल (Alexandar Graham Bell) ने 1875 में टेलीफोन का अविष्कार किया। बेल ने 10 मार्च 1876 को टेलीफोन का पेटेंट करवाया और टेलीफोन के आधिकारिक अविष्कारक बन गए। टेलीफोन पर बात करते हुए बेल अहो( Ahoy) शब्द का इस्तेमाल करते थे। जब लोगों ने टेलीफोन का इस्तेमाल करना शुरू किया तो सबसे पहले Are You Here पूछना शुरू किया। उस वक्त अहो बोलने का चलन था, लेकिन एक बार छॉमन एडिसन ने अहो को गलती से हेलो सुन लिया, जिसके बाद से ये चलन में आ गया।

**बेल की प्रेमिका का नाम**

वहीं ये भी कहा जाता है कि फोन का अविष्कार करने वाले ग्राहम बेल की प्रेमिका का नाम हेलो था। फोन के अविष्कार के बाद ग्राहम बेल से सबसे पहले अपनी गर्लफ्रेंड से बात की, जिनका नाम मारग्रेट हेलो था। बेल उन्हें हेलो बोलते थे। उन्होंने अपनी प्रेमिका के नाम को अमर करने के लिए हेलो बोलना शुरू किया, जिसके बाद से अब तक लोग फोन पर सबसे पहले हेलो ही बोलते हैं।

थॉमस एडिसन ने 1877 में हैलो बोलने का प्रस्ताव रखा, जिसे पिट्सबर्ग की सेंट्रल डिसट्रिक्ट एंड प्रिंटिंग टेलीग्राफ कंपनी से मंजूर कर लिया और तब से फोन पर हेलो सबसे पहले इस्तेमाल किया जाना वाला शब्द बन गया। हालांकि आपको बता दें कि हेलो शब्द का डिक्शनरी में कोई मतलब नहीं है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में Hello शब्द का अर्थ स्वागत, अभिव्यक्ति, नमस्कार , सलाम बताया गया है। इसलिए जब हम किसी से मिलते हैं या हाथ मिलता हैं तो हेलो बोलते हैं।




# डीएलएड प्रशिक्षुओं ने किया प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय में बुद्धि शुद्धि हवन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून में शिक्षा निदेशालय में अजीब नज़ारा दिखाई दिया । पढ़ाई , डिग्री और लंबे समय के इंतज़ार के बाद भी मायूसी हाँथ आने के बाद Nios से डीएलएड किये हुए प्रशिक्षुओं ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ननुंरखेड़ा देहरादून में बुद्धि सुधि हवन किया, जिसमे कार्यकारिणी अध्यक्ष सदस्य कपिल देव तथा महासचिव पवन कुमार कैंतुरा ने शासन व प्रशासन से जल्द से जल्द प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 में सम्मिलित करनी की मांग की तथा माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल के 28 अप्रैल 2022 के अंतरिम आदेश व 25 मई 2022 का आदेश, जिसमे साफ व स्पष्ट शब्दो मे यह बात कही गई है कि Nios डीएलएड याचिकाकर्ताओं को जल्द से जल्द कॉउंसलिंग में शामिल करें। अध्यक्ष ने साथ ही यह भी कहा कि अगर शासन व प्रशासन समय पर काउंसलिंग शुरू नही करते हैं तो जल्द ही Nios डीएलएड प्रशिक्षु उग्र आंदोलन व आमरण अनशन में बैठने के लिए मजबूर होंगे। हवन में शामिल होने वाले अनिल कन्याल, रेखा बाराकोटी, बृजमोहन, धर्मेंद्र, भावना, पूजा, बीना आदि मौजूद थे।



# सावधान! कहीं आपकी प्राइवेसी पर Spy Cam तो नहीं रखी जा रही नजर, इस तरह लगाएं पता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क










हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गर्ल्स हॉस्टल में तब हड़कंप मच गया, जब हॉस्टल में रहने वाली लड़की को कमरे के बाथरूम में स्पाई कैमरा लगा हुआ मिला. प्रयागराज कोई पहली जगह नहीं है, जहां ऐसा मामला सामने आया हो. इसके पहले भी हॉस्टल, होटल रूम, बाथरूम, चेंजिंग रूम या यूं कहें की हर वो जगह जहां बाहर जाने के बाद एक लड़की को प्राइवेसी चाहिए होती है, वहां पर हिडन कैमरे लगे होने की बात सामने आ चुकी है.

आखिर ये स्पाई कैमरा या हिडन कैमरा क्या होता है? इसको लगाने का उद्देश्य क्या होता है? और सबसे जरूरी की किसी भी जगह पर आप कैसे इस बात का पता लगा सकते हैं कि वहां कैमरा लगा है या नहीं? ये वो सवाल हैं, जो हर किसी के जहन में हैं. आज के इस आर्टिकल में हम आपके लिए ऐसे ही कई सवालों का जवाब लेकर आए हैं.

**हिडन कैमरा किसको कहते हैं ?**

जब किसी हॉस्टल, होटल रूम, बाथरूम और चेंजिंग रूम जैसी जगहों पर छुपा कर कैमरा लगाया जाता है, तो उसे हिडन कैमरा कहते हैं. इसका यूज लोगों को ब्लैकमेल करनें के लिए किया जाता है. इन जगहों पर हो सकते हैं हिडन कैमराआपके कमरे में डिजिटल टीवी, एयर फिल्टर, दीवार पर सजी किसी चीज के अंदर, घड़ी में, पेन में, मिरर के पीछे, फ्लॉवर पॉट में और स्मोक डिटेक्टर जैसी जगहों पर हिडन कैमरा छुपाया जा सकता है... ऐसे करें चेक मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट सेअधिकतर कैमरा लेंस में लाइट दिखती है. अगर किसी जगह पर हिडन कैमरा लगा हुआ है, तो वो भी लाइट में चमक सकता है. इसे चेक करने के लिए आप उस कमरे की लाइट बंद करके अपने फोन की फ्लैश लाइट जलाकर देख सकते हैं. अगर कोई चमकती हुई चीज दिख जाए, तो उसे अच्छे से चेक करें वो हिडन कैमरा हो सकता है...

**कमरे में रखी संदिग्ध डिवाइस**

अगर आप अपने कमरे में किसी संदिग्ध उपकरण को पाते हैं और आपको समझ नहीं आता कि उसका यूज क्या है, तो आप उसे किसी कपड़े से ढ़क दें. अगर वो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है, तो उसे अनप्लग कर दें. हो सकता है कि उस जगह पर कोई हिडन कैमरा लगा हुआ हो.

**डिटेक्टिफाई और रडारबॉट की मदद**

अगर आप अपने कमरे में छिपे हुए डिवाइस का पता नहीं लगा पा रहे हैं और आपको उस जगह पर डाउट है, तो आप एप्लिकेशन की मदद ले सकते हैं. डिटेक्टिफाई और रडारबॉट जैसे कुछ एप्लिकेशन हैं, जिन्हें आप एंड्रॉइड फोन पर डाउनलोड करके हिडन कैमरे का पता लगा सकते हैं. ये एप्लिकेशन पूरी तरह से फ्री हैं.

# सिगरेट पीने वालों के लिए Good News, छोड़ने वालों को मिल रहे 40 रुपये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

एक ओर दुनिया में स्मोकिंग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर प्रदूषण का लेवल भी उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से स्मोकर्स को काफी ज्यादा खतरा है। इसको देखते हुए अब एक देश ने बड़ा कदम उठाया, जहां सिगरेट छोड़ने वालों का अच्छी-खासी रकम दी जाएगी। हालांकि इसके लिए कई शर्तें हैं।




**आसपास के लोगों को भी नुकसान**

दरअसर ब्रिटेन के चेशायर ईस्ट में स्मोकिंग रेट काफी ज्यादा बढ़ रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो वहां पर लोगों की उम्र कम हो जाएगी, क्योंकि स्मोकर्स अपने आसपास मौजूद लोगों को भी धुंए से नुकसान पहुंचाते हैं। जिसको देखते हुए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है, जिसके तहत स्मोकिंग छोड़ने वाले लोगों को एक निश्चित फंड उपलब्ध करवाया जाएगा।

**गर्भवती महिलाओं के लिए दोगुना पैसा**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर शहर में कोई आम शख्स स्मोकिंग से तौबा करता है, तो उसे 200 पाउंड की राशि दी जाएगी। ये भारत के हिसाब से 20,000 होगी। वहीं गर्भवती महिला अगर स्मोकिंग करती है, तो उसके साथ उसके बच्चे को भी खतरा रहता है। ऐसे में सरकार ने उनके लिए फंड को दोगुना कर दिया है। अगर वो पूरी तरह से स्मोकिंग छोड़ती हैं, तो उन्हें 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**ये हैं शर्तें**

अब बात करते हैं इसके फंड का पाने वाले नियम की, तो इसके लिए लोगों को कई खास टेस्ट से गुजरना होगा, ताकि ये पता चल सके की शख्स चेन स्मोकर है। इसके बाद आपको स्मोकिंग छोड़कर एक्सहेल्ड कार्बन मोनोऑक्साइड टेस्ट्स से गुजरना होगा, जो कोई इसमें पास होगा, उसे तय राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी।



अगर कोई शख्स एक दिन में 20 बार स्मोकिंग करता है, तो वो साल में 4.4 लाख रुपये इस पर खर्च करता है। इस वजह से उन्होंने ये स्कीम निकाली। अभी इस स्कीम के लिए 1 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके तहत जो पैसा लोगों को दिया जाएगा वो किस्तों में मिलेगा।

# तीर्थयात्रियों के शवों को लेकर वायुसेना का विमान मध्य प्रदेश रवाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार से यमुनोत्री जा रही चारधाम यात्रियों से भरी बस रविवार शाम 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

उत्तरकाशी हादसे में मारे गए तीर्थयात्रियों के शव लेकर वायु सेना का विशेष विमान खजुराहो के लिए रवाना हो गया है। सुबह मृतकों के शव जौलीग्रांट अस्पताल लाए गए थे। यहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद बीडी शर्मा आदि मौजूद थे। शाम 5:00 बजे वायुसेना के विमान से शवों को खजुराहो मध्य प्रदेश भेजा गया।

पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कैबिनेट मंत्री से यमुनोत्री सड़क मार्ग विकासनगर-बड़कोट- पुरोला के चौड़ीकरण की कार्रवाई में तेजी लाने का अनुरोध किया। साथ ही पूर्व में बनाई गई सड़क मार्ग की डीपीआर शीघ्र केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सड़क मार्ग के चौड़ीकरण की डीपीआर एक माह के भीतर शासन से केंद्र सरकार को भेजने एवं केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से वार्ता कर सड़क मार्ग की स्वीकृति दिलाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। ताकि सड़क मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जा सकें। तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना होने पाए।

बस हादसे में मध्य प्रदेश के जिन 26 यात्रियों की मौत हुई है, वह पिछले महीने की 20 तारीख को घर से निकले थे और 17 दिनों का यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित हुआ। बीस मई को घर से निकलने के बाद सभी लोग महिघर, चित्रकूट, इलाहाबाद, बनारस, मिर्जापुर, बिहार के सीता मढ़ी और नेपाल की जनकपुरी तथा काठमांडू आदि तीर्थ स्थानों की सकुशल यात्रा कर चुके थे। सभी यात्री दो जून को हरिद्वार पहुंचे और चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया। जिसमें दो दिन का समय लग गया। पांच जून को सभी यात्री बस में सवार हो कर खुशी-खुशी यमुनोत्री के लिए रवाना हुए, लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि यमुनोत्री पहुंचने से पहले ही उनकी जीवन यात्रा समाप्त हो जाएगी। टूर मैनेजर बेद विहारी अवस्थी ने बताया कि 69 लोगों का दल एक साथ चल रहा था। हरिद्वार से दो बसें हायर की गई थी, जिसमें हादसे वाली बस में 28 और दूसरी बस में 41 लोग सवार थे।

यमुनोत्री हाइवे पर डामटा के समीप हुए बस हादसे से प्रशासन और राजमार्ग निर्माण खंड को सीख लेने की जरूरत है, जिस जगह हादसा हुआ वह स्थान प्रशासन की डायरी में डेंजर जोन में शामिल होने के बावजूद वहां पर पैरापिट नहीं लगाया गया है। इसलिए सवाल उठता है कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले घटनास्थल पर सुरक्षात्मक उपाय क्यों नही किए गए।

## संपादकीय

# प्रकृति से बेहतर तालमेल मूलमंत्र हो

आज पूरा विश्व यदि किसी एक समस्या को लेकर चिंतित है, तो वह पर्यावरण की समस्या है. अगर हम भारतीय चिंतन में इसका समाधान ढूंढ़ें, तो अन्य की अपेक्षा बेहतर परिणाम सामने आयेंगे. पर्यावरण दो शब्दों- परि और आवरण- के मेल से बना है, जिसका अर्थ है- चारों ओर का घेरा. हमारे चारों ओर जो भी वस्तुएं, परिस्थितियां विद्यमान हैं, वे मानव-क्रियाकलापों को प्रभावित करती हैं और हम भी अपने चारों ओर के आवरणों से प्रभावित होते हैं. इसी दायरे को हम पर्यावरण कहते हैं. यह दायरा आवास, गांव, मोहल्ला, नगर, प्रदेश, देश, महाद्वीप, ग्लोब अथवा संपूर्ण सौरमंडल का हो सकता है. पर्यावरण अनेक छोटे तंत्रों से लेकर अनेक विशाल तंत्रों का जटिल सम्मिश्रण है, इसीलिए वेदकालीन मनीषियों ने द्युलोक से लेकर व्यक्ति तक शांति की प्रार्थना की है. शुक्ल यजुर्वेद हमें निर्देशित करते हुए कहता है- 'द्युलोक से लेकर पृथ्वी के सभी जैविक और अजैविक घटक संतुलन की अवस्था में रहें. अदृश्य आकाश (द्युलोक) नक्षत्रयुक्त दृश्य आकाश (अंतरिक्ष), पृथ्वी एवं उसके सभी घटक जल, औषधियां, वनस्पतियां, संपूर्ण संसाधन (देव) एवं ज्ञान संतुलन की अवस्था में रहें, तभी व्यक्ति शांत एवं संतुलित रह सकता है.' संभवतः पर्यावरण एवं पर्यावरण संतुलन की इतनी वैज्ञानिक परिभाषा विश्व के किसी अन्य चिंतन में नहीं मिलेगी. पर्यावरण जीवन का एक अभिन्न अंग है. जिस तरह मनुष्य को जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान आवश्यक है, उसी प्रकार पर्यावरण भी अतिआवश्यक है. मनुष्य प्रकृति का पुत्र माना जाता है, प्रकृति के आंगन में वह बड़ा होता है. पर्वत, नदी, तालाब, शस्य श्यामला भूमि और सुवासित वायु हमारे जीवन को स्वच्छ और सुखद बनाते हैं. प्रकृति, प्राकृतिक संसाधन व पर्यावरण का प्रबंधन विकास की अवधारणा का मूल तत्व हो, तो विकास की विरासत दीर्घकाल तक अक्षुण्ण बनी रहेगी. पर्यावरण का असंतुलित विकासवाद विनाश की विभीषिका की पटकथा की पृष्ठभूमि तैयार कर देता है. प्रकृति के अंदर छिपे गुढ़ रहस्यों की तह में जाने से बहुत सारी गुत्थियां सुलझ जाती हैं. ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अमुक कार्य प्रकृति की अनुकूलता की दृष्टि से विपरीत होने के कारण प्रथमदृष्टया कल्याणकारी होने के बावजूद भी न सिर्फ पर्यावरण, बल्कि मानव समुदाय के लिए भी हानिकारक साबित हुआ है. ऐसे विकासात्मक परिमाणों को नियंत्रित करने की आवश्यकता है. प्राचीनकाल से प्रकृति हमारे लिए पूजनीय रही है, लेकिन आज हम पेड़ों को निर्दयता से काट रहे हैं तथा निजी स्वार्थ के लिए प्रकृति का विध्वंस कर रहे हैं, जबकि पौराणिक ग्रंथों ने प्रकृति को देवी रूप में प्रतिष्ठित किया है. हमारे वेद, पुराण, उपनिषद इस तथ्य के प्रमाण हैं कि हमने सदैव प्रकृति देवी की पूजा की है. पीपल, तुलसी, नीम, बड़, खेजड़ी की पूजा आज भी अनेक समुदायों में की जाती है, जिसका धार्मिक एवं सांस्कृतिक ही नहीं, अपितु वेदांतिक महत्व भी है. आयुर्वेद के अधिष्ठाता धनवंतरि ने तो प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों को समस्त असाध्य रोगों के निदान के लिए रामबाण औषधि समझा था. आंग्ल कवि वर्ड्सवर्थ ने प्रकृति की गोद में ही जीवन का परम सुख समझा था. रूसो ने 'बैक टू दि नेचर' का शंखनाद किया था. वस्तुतः प्रकृति के समस्त उपादान हमारे लिए श्रद्धेय ही नहीं, अपितु परम पूजनीय हैं. भारतीय चिंतन में मनीषियों ने प्रकृति को मातृशक्ति और स्वयं को उसके पुत्र के रूप में माना है- माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः. वास्तव में ऋषियों ने संपूर्ण प्राकृतिक शक्तियों को देवस्वरूप माना है. वेदों में जल को आपो देवता नाम से संबोधित किया गया है. जल सतत प्रवाहमान है. यह शरीर को जीवन देता है.

# माउंट एवरेस्ट पर राष्ट्रगान गाने वाले विंग कमांडर विक्रांत उनियाल से मिले सीएम धामी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में माउंट एवरेस्ट पर बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के राष्ट्रगान गाने वाले विंग कमांडर विक्रांत उनियाल ने भेंट की।

मुख्यमंत्री ने विंग कमांडर विक्रांत उनियाल को सम्मानित कर उनके देश भक्ति के जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विंग कमांडर उनियाल के इस सराहनीय प्रयास से उत्तराखंड का भी सम्मान बढ़ा है। वह पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर यह सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने यह साबित किया है कि मन में कुछ करने का जज्बा हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। एवरेस्ट पर चढ़ाई कर बिना आक्सीजन के राष्ट्रगान गाकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अनाम सेनानियों को भी सम्मान देने का कार्य किया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र जुगराण भी उपस्थित थे

# लाइसेंसी हथियार का भौकाल डीएम दून ने किया ठंडा, 4 लाइसेंस कैंसिल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने सख्त संदेश देते हुए उन मनबढ़ों को बता दिया है कि लाइसेंसी हथ्यार का इस्तेमाल आपसी झगड़ो और बेफिजूल की हरकतों में किया गया तो मिनटों में लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। ऐसा उदाहरण भी सोमवार को दिखा जब जनपद में शस्त्र का दुरुपयोग एवं शस्त्र लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर 4 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।जनपद में आपसी झगड़ों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक शस्त्र का प्रयोग करने पर लाइसेंस संख्या 1459/2014 थाना क्लेमेंटटाउन एनपीबी .32 बोर रिवाल्वर, लाइसेंस नंबर 34041A7A20A17/350 डीएम देहरादून, लाइसेंस संख्या 1593/थाना डालनवाला, लाइसेंस संख्या LN 3441A 7AAA 0319/417/PS थाना पटेल नगर को निरस्त किया गया।तो अगर आप भी ऐसा कुछ करने की सोच रहे हैं यो डीएम राजेश कुमार की इस सख्त कार्यवाही के लिए भी तैयार रहिएगा।

# उत्तरकाशी में बस के ब्रेक हुए फेल, बाल-बाल बची मध्य प्रदेश के 28 तीर्थयात्रियों की जान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के निकट जानकी चट्टी के पास पार्किंग में सोमवार की दोपहर को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बचा, जिससे उसमें सवार 28 तीर्थयात्रियों की जान बाल-बाल बच गई।

जानकी चट्टी में तीर्थयात्रियों से भरी बस के ब्रेक फेल होते ही बस अनियंत्रित हुई तो तीर्थयात्रियों में चीख-पुकार मच गई। अनियंत्रित हुई बस एक ढाबे और पार्किंग में खड़ी तीन कारों से भी टकराई। साथ ही दो घोड़े बस की चपेट में आए, जिसमें में एक घोड़े की मौत हो गई है, जबकि दूसरे घोड़े के दो पांव फ्रैक्चर हो गए।

यमुनोत्री धाम के दर्शन करने के बाद सोमवार दोपहर को झाबुआ (मध्य प्रदेश) के 28 तीर्थयात्री जानकी चट्टी पहुंचे। जानकी चट्टी से गंगोत्री धाम के लिए रवाना होने के लिए बस में सवार हुए। बस चालक ने बस को आगे बढ़ाया तो ब्रेक ने काम नहीं किया गया।

बस की चपेट में पार्किंग में खड़े दो घोड़े आए। बस को अनियंत्रित देखकर पार्किंग में खड़े विभिन्न स्थानों के तीर्थयात्रियों ने भागकर जान बचाई, जिसके बाद बस एक ढाबे के एक हिस्से को तोड़ते हुए पार्किंग में खड़ी तीन कारों से टकराई, जिसमें तीनों कार क्षतिग्रस्त हुई। शुक्र यह रहा कि ब्रेक फेल होने का पता पार्किंग में लग गया, जिसके चलते एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

# ब्रिटिश पीएम जॉनसन पद पर बने रहेंगे, पार्टीगेट मामले की अग्नि परीक्षा में हासिल किया विश्वास मत




लंदन, एजेंसी। पार्टीगेट स्कैंडल के चलते संकट में घिरे ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन को सोमवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में विश्वास मत साबित कर दिया। बोरिस जॉनसन ने 211 मत हासिल कर विश्वास मत जीत लिया। जॉनसन के खिलाफ 148 वोट डाले गए। कंजरवेटिव 1922 कमेटी के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रैडी ने बताया कि कुल 359 वोट डाले गए। इनमें से कोई भी खराब मत पत्र नहीं था।

विश्वास मत हासिल होने के बाद ब्रिटिश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बोरिस जॉनसन के लिए यह एक आसान जीत थी। उन्होंने कहा कि जॉनसन के विरोधियों को अब अपने प्रयास यहीं रोक देने चाहिए। इधर, शिक्षा सचिव नादिम जाहावी ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की आज रात खुशी मना रहे होंगे क्योंकि उनके सहयोगी बोरिस जॉनसन कल भी प्रधानमंत्री के पद पर बने रहेंगे।

खास बात यह है कि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी खुद जॉनसन के खिलाफ यह प्रस्ताव लाई थी। यदि वह इस प्रस्ताव में हार जाते तो पीएम पद से हटना पड़ता। हालांकि, इसकी संभावना कम थी। पार्टीगेट स्कैंडल को लेकर कुछ और ब्योरा सामने आने के बाद बैकबेंच कमेटी ने सोमवार को विश्वास मत प्रस्ताव लाने की घोषणा की थी। इससे पहले समिति के अधिकारी ग्राहम ब्रैडी ने बताया था कि उन्हें सांसदों से कई पत्र मिले, जिनमें जॉनसन के नेतृत्व के प्रति विश्वास को लेकर मतदान की मांग की गई थी।

इस प्रस्ताव के लिए 15 फीसदी सांसदों की सहमति मिल गई थी। यदि जॉनसन 359 कंजरवेटिव सांसदों का विश्वास पाने में विफल रहते तो उन्हें कंजरवेटिव नेता तथा प्रधानमंत्री पद से हटा दिया जाता। हालांकि अब जीतने के बाद वह एक साल और अपने पद पर बने रहेंगे। पार्टी और सरकार में बढ़ते विरोध के कारण जॉनसन के वोट पाने की उम्मीद कम थी। इसके बावजूद पार्टी के सदस्यों ने बदलाव से परहेज किया। जॉनसन ने 211 सांसदों का विश्वास पाया, लेकिन विपक्ष में पड़े 148 वोटों ने साबित कर दिया कि वह सर्वमान्य चेहरे का अपना रुतबा खो चुके हैं। इससे साफ हो गया है, कंजरवेटिव पार्टी के 40 फीसदी सदस्य उनके विरोधी हो चुके हैं। वोट के संबंध में लेबर पार्टी के केइर स्टारमर ने कहा, यह फैसला देश को करना है कि उन्हें विभाजित टोरी पार्टी चाहिए या फिर एकजुट लेबर पार्टी।

ब्रिटिश राजनीति के विशेषज्ञों ने अनुमान जताया था कि 57 वर्षीय जॉनसन संभवतः विश्वास मत जीत जाएंगे, लेकिन इससे उनके नेतृत्व को झटका जरूर लग सकता है। कोविड नियमों को तोड़ने से जुड़े पार्टीगेट स्कैंडल मामले में 40 से ज्यादा पार्टी सांसद उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। पार्टीगेट मामला कोरोना महामारी के शुरुआती दिनों यानी 20 जून 2020 को ब्रिटिश पीएम कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट में जन्मदिन पार्टी करने से जुड़ा है। यह पार्टी कोरोना नियमों का उल्लंघन कर कैबिनेट कक्ष में आयोजित की गई थी। इसका जिम्मेदार पीएम जॉनसन व उनकी पत्नी कैरी को माना गया। ब्रिटिश नेताओं ने इसे 'पार्टीगेट स्कैंडल' करार दिया।

गत बुधवार को वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सू ग्रे ने इस मामले की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी की थी। वहीं, स्कॉटलैंड पुलिस की जांच में जॉनसन समेत 83 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। पार्टीगेट का मामला सामने आने के बाद जॉनसन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा था।

उन्होंने इसके लिए खेद जताया लेकिन निजी स्तर पर कुछ भी गलत करने से इनकार किया था। ग्रे की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अभियान 'हिलमैन' के अंतर्गत जांच शुरू की थी। जिन पर जुर्माना लगाया गया है उन 83 लोगों में पीएम जॉनसन, उनकी पत्नी कैरी जॉनसन और ब्रिटिश मंत्री ऋषि सुनक के नाम शामिल हैं।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांडः आठ शूटरों की हुई पहचान, पंजाब-हरियाणा समेत चार राज्यों में पुलिस की छापेमारी जारी



चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस ने सोमवार को सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल आठ शूटरों की पहचान का दावा किया है। इनमें दो शूटर महाराष्ट्र, दो हरियाणा, तीन पंजाब और एक राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक सभी शूटर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैं। इन शूटरों की तलाश में पंजाब पुलिस ने संबंधित राज्यों की पुलिस से संपर्क साध उनसे मदद मांगी है। गैंगस्टरों की तलाश में पंजाब पुलिस हरियाणा-पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में छापेमारी कर रही है।

पंजाब पुलिस के मुताबिक मूसेवाला की हत्या के मामले में कई महत्वपूर्ण सुराग मिल चुके हैं। हत्या में शामिल अपराधियों का पता लगा लिया गया है। हत्यारे किन रास्तों से आए थे और वे कैसे भागे। सबकी जानकारी मिल चुकी है। जिन शूटरों की पहचान हुई है, उनमें तरनतारन का मनप्रीत मनु व जगरूप सिंह रूपा, बठिंडा का हरकमल उर्फ रानू, सोनीपत का प्रियव्रत फौजी व मनजीत भोलू, महाराष्ट्र के पुणे का सौरव महाकाल व संतोष जाधव और राजस्थान के सीकर का सुभाष बनौदा शामिल है। इन सभी शूटरों की तस्वीरें जारी कर दी गई हैं। पंजाब पुलिस को शक है कि इन्हीं शूटरों ने 29 मई को मानसा में सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी। ये सभी शूटर तीन दिन पहले कोटकपूरा हाइवे पर इकट्ठा हुए थे। इनके साथ दो और लोग भी शामिल थे। उनकी भी पहचान की जा रही है।

**फैन बनकर रेकी करने वाला केकड़ा गिरफ्तार** पंजाब पुलिस ने सिरसा के कालांवाली के संदीप उर्फ केकड़ा को फैन बनकर सिद्धू मूसेवाला की रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह दो लोगों के साथ सिद्धू के घर गया था। इसमें उसका दोस्त निक्कू और बठिंडा का शूटर केशव शामिल था। सिद्धू के घर से कुछ दूरी पर उन्होंने केशव को उतार दिया। उसके बाद निक्कू और केकड़ा फैन बनकर मूसेवाला के घर के बाहर पहुंचे। यहां पर दोनों 45 मिनट रुके। चाय पी। सिद्धू जब घर से बाहर आए तो केकड़ा ने सिद्धू के साथ सेल्फी ली और थार की फोटो भी खींची।

सीसीटीवी फुटेज में दोनों की गतिविधियां कैद हो गई हैं। यह फुटेज हत्या से करीब 15 मिनट पहले की है। वापस जाते वक्त केकड़ा ने निक्कू और केशव को उतार दिया, जो अपने दूसरे साथियों के साथ कोरोला गाड़ी में सवार हो गए और खुद मोटरसाइकिल लेकर निकल गया था। पंजाब पुलिस को शक है कि केकड़ा ने ही रेकी कर मूसेवाला की मुखबिरी की है। केकड़ा नशे का आदी बताया जा रहा है और नशे की सप्लाई करने के मामले भी दर्ज है। केकड़ा तख्तमल निवासी निक्कू का दोस्त है। निक्कू आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। उसका कई गैंगों के साथ संपर्क है।

**मानसा के पुलिस अधिकारियों को धमकी**

इस बीच मानसा के पुलिस अधिकारियों को विदेश के नंबरों से फोनकर धमकी देने का मामला सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि फोन करने वाले ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गैंगस्टरों पर छापे बंद करो, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। पुलिस ने इस संबंध में भी जांच शुरू कर दी है। साथ ही इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दे दी गई।

**मर्डर केस में वांटेड है पुणे का शूटर**

आठ शूटरों में शामिल संतोष जाधव पुणे का रहने वाला है। पुणे के पुलिस अधीक्षक अभिनव देशमुख के मुताबिक जाधव के खिलाफ चार मामले दर्ज हैं।

# ईडी ने मनी लॉनड्रिंग रोधी कानून के तहत मेहुल चोकसी की पत्नी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

मुंबई, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन निरोधक कानून के तहत भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी, उसकी पत्नी प्रीति और अन्य के खिलाफ नया आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

चोकसी की पत्नी प्रीति प्रद्योत कुमार कोठारी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर की गई यह पहली अभियोजन शिकायत है। ईडी ने कोठारी पर ''अपराध से अर्जित आय को छिपाने में अपने पति की मदद करने'' का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दाखिल आरोपपत्र मार्च में मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष रखा गया था और अदालत ने सोमवार को इसपर संज्ञान लिया।

एजेंसी ने आरोपपत्र में चौकसी दंपति के अलावा, चोकसी की तीन कंपनियों-गीतांजलि जेम्स लिमिटेड, गिली इंडिया लिमिटेड और नक्षत्र ब्रांड लिमिटेड और पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त डिप्टी मैनेजर (ब्रैडी हाउस शाखा, मुंबई) गोकुलनाथ शेट्टी का नाम शामिल किया है। ईडी द्वारा 2018 और 2020 में पहले दो आरोपपत्र दाखिल करने के बाद चोकसी के खिलाफ यह तीसरा आरोपपत्र है।

समझा जाता है कि ईडी चोकसी की पत्नी के एंटीगुआ से प्रत्यर्पण का अनुरोध करेगी, जहां दंपति अभी रह रहा है। इस आरोपपत्र के आधार पर एजेंसी चोकसी



की पत्नी के खिलाफ इंटरपोल गिरफ्तारी वारंट भी अधिसूचित कर सकती है। चोकसी भारत से फरार होने के बाद 2018 से एंटीगुआ में रह रहा है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि प्रीति ₹अपने पति मेहुल चोकसी के साथ धोखाधड़ी के मामले में शामिल थी। वह कंपनियों को शामिल करने और अपराध की आय की हेराफेरी करने, उनका उपयोग करने और उन्हें बेदाग के रूप में पेश करने में अहम भूमिका निभाई थी।₹

ईडी ने आरोप लगाया कि ₹वह पैसे के स्रोत के बारे में जानती थी जो उसके पति द्वारा अवैध रूप से और धोखे से ले जाया जा रहा था। वह मनी लॉनड्रिंग से जुड़े अपराध में शामिल थी।

ईडी ने कहा कि प्रीति यूएई की तीन कंपनी हिलिंगडन होल्डिंग्स लिमिटेड, चैटिंग क्रॉस होल्डिंग्स लिमिटेड और कॉलिंडेल होल्डिंग्स लिमिटेड की ₹अंतिम लाभकारी मालिक₹ थी।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा